**आयोजन** भाजपा कार्यकर्ताओं ने गुरुद्वारों में मत्था टेककर अर्पित की श्रद्धांजलि

# वीर साहिबजादों का बलिदान राष्ट्र, धर्म, सनातन संस्कृति की रक्षा का प्रतीक : राकेश सिंह



**नवभारत,जबलपुर।** गुरु श्री गोविन्द सिंह जी महाराज के चारों साहिबजादों का बलिदान राष्ट्र, धर्म और सनातन संस्कृति की रक्षा हेतु दिया गया सर्वोच्च और अनुपम बलिदान है। उनका अदम्य साहस, अटूट आस्था और अन्याय के विरुद्ध अडिग संकल्प मानव इतिहास में वीरता और त्याग का अमर प्रतीक है। यह बात लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने मदनमहल गुरुद्वारा में वीर बाल दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान कही।

वीर बाल दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जबलपुर महानगर द्वारा शहर के चार गुरुद्वारों में आयोजित कार्यक्रम में साहिबजादों की शहादत को नमन किया गया। भाजपा द्वारा शहर के मदनमहल, आधारताल, मढ़ाताल एवं रांझी गुरुद्वारा में कार्यक्रम आयोजित किये जिसमे लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, राज्यसभा सांसद सुमित्रा वाल्मीकी, जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, ग्रामीण जिला अध्यक्ष राजकुमार पटेल, विधायक अशोक रोहाणी, महापौर जगतबहादुर सिंह अन्नू, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अश्वनी परॉंजपे, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, पूर्व विधायक हरेंद्रजीत सिंह बब्बू के साथ पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पहुंचकर गुरुग्रन्थ साहिब को मत्था टेककर साहिबजादो को श्रद्धांजलि दी।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर जबलपुर गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी अध्यक्ष सरदार राजेन्द्र सिंह छाबड़ा, सरदार मंजीत सिंह नगाड़ा, हर्जिन्द्र सिंह ब्रोका, दिलबाग़ सिंह फ्लोरा, सरदार सुरेन्द्र सिंह होरा, सरदार प्रताप सिंह बिरदा, सरदार हरविंदर सिंह सैनी, सरदार अजीत सिंह सीटू, कुंवरपाल सिंह शेरू, अमन बिंद्रा आदि उपस्थित थे।

## प्रशासन के साथ सिख समाज ने की बैठक

खालसा पंथ के सृजक दशमेश पिता गुरु गोबिंद सिंह जी महाराजके पवित्र प्रकाशोत्सव गुरुपर्व के उपलक्ष्य में 28 दिसम्बर, रविवार को अपरान्ह 1.30 बजे से गुरुद्वारा प्रेमनगर से भव्य नगर कीर्तन निकाला जाएगा। जोकि गोरखपुर होता हुआ संध्या बेला में गुरुद्वारा सदर में समाप्त होगा। नगर कीर्तन की व्यवस्थाओं को लेकर पुलिस नियंत्रण कक्ष में एडिशनल एसपी जितेंद्र सिंह और एसडीएम अनुराग सिंह, सीएसपी गोरखपुर एम डी नागोतिया एवं आशीष जैन गढ़ा के साथ सिख समाज की आवश्यक बैठक सम्पन्न हुई। इस मौके पर पूर्व मंत्री एवं जबलपुर सिख संगत के अध्यक्ष हरेंद्र जीत सिंह बब्बू, प्रधान प्रभजोत सिंह, लखबीर सिंह, कौमी सिंह, हरिंदर सिंह रेखी, परविंदर सिंह गिल, मदन दुबे, एवं विभिन्न गुरुद्वारों के अध्यक्षगण उपस्थित रहे।

## प्रभात फेरी निकाली गई



माता गुजरी जी और चार साहिबज़ादों की शहादत को नमन करते हुए, गुरुनानक सेवक जत्था के तत्वाधान में भरवेला शबद, कीर्तन और सिमरन के साथ प्रभात फेरी निकाली गई, जो गुरुद्वारा मईया नपियर टाउन से - रसल चौक, नोद्रा ब्रिज, गुरु नानक स्कूल, मालवीय चौक,होते हुए, गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा मढ़ाताल में समाप्त हुई। इस मौके पर आयोजक गुरुनानक सेवक जत्था, मढ़ाताल के अमरजीत सिंह चावला, तजिंदर सिंह निझावान, हरदीप सिंह बडवाल , तेजप्रताप सिंह भल्ला , अवतार सिंह बांगा, हरविंदर सिंह सलूजा , सरबजीत सिंह भामरा आदि शामिल रहे ।



# पश्चिम मध्य रेलवे को मिला प्रथम पुरस्कार

**नवभारत, जबलपुर।** भारत सरकार, रेल मंत्रालय रेलवे बोर्ड द्वारा राजभाषा हिंदी के प्रयोग-प्रसार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से देश के क, ख एवं ग क्षेत्रों में स्थित रेल मुख्यालयों, मंडलों, उत्पादन इकाइयों, कारखानों, उपक्रमों एवं केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थानों को उत्कृष्ट कार्यान्वयन हेतु प्रतिवर्ष रेल मंत्री राजभाषा शील्ड ट्रॉफी एवं चल वैजयंती पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है। इसी क्रम में वर्ष 2024 के दौरान राजभाषा हिंदी में उत्कृष्ट कार्य के लिए पश्चिम मध्य रेलवे, मुख्यालय, जबलपुर को रेल मंत्री राजभाषा शील्ड प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। इसके अतिरिक्त माल डिब्बा मरम्मत कारखाना, कोटा को भी रेल मंत्री राजभाषा शील्ड के साथ 14,000 का पुरस्कार प्राप्त हुआ है। यह उपलब्धि इसलिए भी विशेष महत्व रखती है क्योंकि वर्ष 2003 में पश्चिम मध्य रेलवे के गठन के बाद यह पहली बार है जब पमरे को यह प्रतिष्ठित राजभाषा शील्ड प्राप्त हुई है। यह सम्मान पमरे में राजभाषा हिंदी के प्रभावी कार्यान्वयन एवं सतत प्रयासों का सशक्त प्रमाण है।

# प्रयागराज की तर्ज पर भेड़ाघाट में होगा माघ मास कल्पवास



समिति ने दिया लोक निर्माण मंत्री को आमंत्रण

**नवभारत, जबलपुर।** प्रयागराज की परंपरा पर इस वर्ष भी मां नर्मदा के पावन तट भेड़ाघाट स्थित सीताराम आश्रम, सरस्वती घाट में माघ मास कल्पवास का 11वां भव्य आयोजन किया जा रहा है। अखिल भारतीय मां नर्मदा चैतन्य महाप्रभु लोक कल्याण समिति के प्रतिनिधियों ने लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के निवास पर पहुंचकर भावपूर्ण आमंत्रण दिया। इस अवसर पर मंत्री श्री सिंह ने अध्यक्ष श्याम मनोहर पटेल को आश्वस्त किया कि माघ मास कल्पवास में शासन, जनप्रतिनिधि एवं समस्त सनातन समाज का समय-समय पर विशेष सहयोग प्राप्त होगा। गोलोकवासी धर्म सम्राट योगाचार्य डॉ. शिव शंकर पटेल की प्रेरणा से आयोजित इस कल्पवास का नेतृत्व सीताराम आश्रम में रामदूत हनुमान जी महाराज द्वारा किया जाएगा। कल्पवास के दौरान मां नर्मदा महापुराण, श्रीमद् भागवत महापुराण कथा, प्रवचन, यज्ञ, हवन, जप-तप एवं तीन बार स्नान की परंपरा निभाई जाएगी। इस अवसर पर अध्यक्ष श्याम मनोहर पटेल, उपाध्यक्ष मोहित तिवारी, सचिव सुरेश विश्वकर्मा, सह-सचिव दीपक तिवारी सहित सुरेंद्र गिरी गोस्वामी, नितिन चौबे, मनोहर विश्वकर्मा, अशोक विश्वकर्मा, दुर्गेश पटेल, गणेश विश्वकर्मा, चंद्र कुमार पटेल एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## डॉ. गायत्री कथा सम्मान आज


**नवभारत,जबलपुर।** प्रतिष्ठित कथा लेखिका, कवयित्री



डॉ.गायत्री तिवारी की स्मृति में 'पाथेय साहित्य कला अकादमी' द्वारा आयोजित गायत्री कथा सम्मान 2025 से इंजीनियर स्मिता माथुर को सम्मानित किया जाएगा। समारोह आज 27 दिसम्बर को अपरान्ह 3.30 बजे से कला वीथिका भंवरताल में आयोजित है। महासचिव राजेश पाठक प्रवीण बताया कि इस अवसर पर नारी जागरण के क्षेत्र में क्रियाशील संस्थाओं को भी सम्मानित किया जाएगा। साथ ही डॉ. भावना शुक्ल दिल्ली एवं डॉ.कामना कौस्तुभ की कृतियों का विमोचन होगा।

# सैन्य जवानों को मिली ड्रोन तकनीक की जानकारी



▶ मध्य भारत एरिया मुख्यालय के तत्वावधान में भविष्य की ड्रोन एवं काउंटर-ड्रोन तकनीक पर कार्यशाला

**नवभारत,जबलपुर।** मुख्यालय मध्य भारत एरिया के तत्वावधान में शुक्रवार को जबलपुर मिलिट्री स्टेशन स्थित बत्रा ऑडिटोरियम में भविष्य की ड्रोन तथा प्रति-ड्रोन तकनीक विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य आधुनिक ड्रोन तकनीक, इसके सैन्य उपयोग, उभरते खतरों तथा उनसे निपटने के लिए काउंटर-ड्रोन प्रणालियों की भूमिका पर जानकारी साझा करना था। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट जनरल पी.एस. शेखावत, जनरल ऑफिसर कमांडिंग, मध्य भारत एरिया की उपस्थिति में लगभग 50 सैन्य अधिकारी, 70 जूनियर कमीशंड ऑफिसर तथा करीब 500 जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यशाला का संचालन रोबुज़ संस्था द्वारा किया गया। व्याख्यान-सह-प्रदर्शन के माध्यम से प्रतिभागियों को ड्रोन संयोजन, परिचालन उपयोग, पहचान, निरीक्षण प्रणाली तथा युद्ध क्षेत्र में इसके प्रभावी उपयोग की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में भारत के ड्रोन मैन के नाम से प्रसिद्ध मिलिंद राज ने व्याख्यान प्रस्तुत किया। समापन अवसर पर लेफ्टिनेंट जनरल शेखावत ने कहा कि ऐसी तकनीकी कार्यशालाएं सुरक्षा बलों की दक्षता, तत्परता और भविष्य की चुनौतियों से निपटने की क्षमता को सुदृढ़ बनाती हैं।

## एक नजर में



### सामुदायिक भवन का मंडल रेल प्रबंधक ने किया उद्घाटन

**नवभारत, जबलपुर।** 26 दिसंबर को पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर मंडल के मदनमहल स्थित उत्सव रेल सामुदायिक भवन के सौंदर्यीकरण कार्य का शुभ उद्घाटन मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा के करकमलों से सम्पन्न हुआ। तत्पश्चात मंडल रेल प्रबंधक द्वारा उत्सव रेल सामुदायिक भवन के मंच पर नवीन मैकेनाइज्ड करटेन सिस्टम का बटन दबाकर औपचारिक उद्घाटन किया गया, जिससे भवन को आधुनिक तकनीक से सुसज्जित किया गया है। मंडल रेल प्रबंधक ने कहा कि रेल कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सामुदायिक कार्यक्रमों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना रेलवे प्रशासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक आनंद कुमार एवं सुनील टेलर, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर रामबदन मिश्रा, वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक रजनीकांत, सहायक कार्मिक अधिकारी (क) सचिपति नंदन सहित मंडल के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



### स्वर्ण सरोवर गीतमाला में गूंजे सुर

**नवभारत,जबलपुर।** डिसिल्वा स्कूल सभागार में स्वर्ण सरोवर गीतमाला के तत्वावधान में गीत-संगीत का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ तुलसी पूजन, वीर बाल पुण्य स्मरण एवं धार्मिक गीतों से हुआ। इसके पश्चात सदाबहार सुमधुर गीतों की स्वर लहरियों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। संस्कारधानी के गौरव, इंडियन आइडल फेम तनिष्क शुक्ला के समर्थन में श्रेया खंडेलवाल ने वोटिंग अपील की और 100 वोट देने की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया। उपस्थित कलाकारों एवं श्रोताओं ने तनिष्क को अधिकतम वोट दिलाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन अयाज़ खान, राजेश पाठक 'प्रवीण' एवं डॉ. पुरुषोत्तम सराफ ने किया। अनेक गायक कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से समां बांधा। अंत में अलकेश सिन्हा ने आभार प्रदर्शन किया एवं प्रसाद वितरण हुआ।

### बजरंग दल के राष्ट्रीय संयोजक का आगमन आज

**नवभारत,जबलपुर।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के राष्ट्रीय



संयोजक किशन प्रजापत का जबलपुर आगमन आज 27 दिसंबर को दोपहर 12 बजे होगा। उनके स्वागत में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल महाकौशल प्रांत, जबलपुर विभाग एवं रानी दुर्गावती जिले के नेतृत्व में शौर्य यात्रा का आयोजन किया गया है। शौर्य यात्रा दोपहर 1 बजे गोहलपुर बस्ती नंबर एक स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर से प्रारंभ होगी। आयोजकों ने सभी सनातनी बंधुओं से अधिक संख्या में सम्मिलित होने की अपील की है।

# जबलपुर की ऐतिहासिक धरोहर पर आधारित कला प्रदर्शनी

**नवभारत, जबलपुर।** बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय के ललित कला संस्थान में जल्द ही जबलपुर की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, धार्मिक और शिल्पकला धरोहर पर आधारित विशेष कला प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। यह प्रदर्शनी विश्वविद्यालय के बी.एफ.ए. और एम.एफ.ए. छात्रों द्वारा हाल ही में सम्पन्न शैक्षणिक भ्रमण के दौरान तैयार की गई रचनाओं पर आधारित होगी। 35 से अधिक छात्रों ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस केंद्रीय कारागार, शहीद स्मारक, रानी दुर्गावती संग्रहालय, त्रिपुर सुंदरी मंदिर, भेड़ाघाट धुआंधार जलप्रपात, चौसठ योगिनी मंदिर, मदन महल किला और संतुलन शिला जैसी ऐतिहासिक व प्राकृतिक धरोहरों का अध्ययन किया।




भ्रमण का आयोजन डॉ. श्वेता पाण्डेय के संयोजन और डॉ. अजय कुमार गुप्ता के सह-संयोजन में किया गया। विद्यार्थियों ने स्व. भगवान दास गुप्ता के निवास पर विभि-?न कलाविधाओं की जानकारी प्राप्त की और उनके कला शैक्षणिक उत्थान समिति की ओर से सम्मानित भी हुए। इस प्रदर्शनी में छात्रों की रचनात्मक प्रतिभा के साथ-साथ जबलपुर की ऐतिहासिक धरोहर को भी प्रदर्शित किया जाएगा। इस अवसर पर गजेंद्र सिंह, गोविंद यादव, शैलेंद्र कुमार, दीपिका राजपूत, यश वर्मा, फैजल उस्मानी, स्वेच्छा गुप्ता, आदर्श, चंचल, ममता, अंजली, ऋषि धुसिया, शबा मंसूरी, छाया कुशवाहा, महाश्वेता, अनुराधा, दिव्या सहित कई विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## देवा झारिया बने प्रदेश उपाध्यक्ष

**नवभारत, जबलपुर।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष



जीतू पटवारी, युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया, पूर्व वित्त मंत्री तरुण भनोट एवं बेरोज़गार प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष सुश्री नेहा पालीवाल की अनुशंसा पर देवा झारिया को प्रदेश उपाध्यक्ष कांग्रेस (बेरोजगार प्रकोष्ठ) नियुक्त किया गया। इस अवसर पर पार्टी के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है।



## कलश यात्रा के साथ शिव महापुराण कथा शुरू

**नवभारत, जबलपुर।** शिवशक्ति सेवा समि वि और शांतम प्रज्ञा आश्रम के सगुंक्त तत्वावधान में गोहलपुर अग्रवाल लॉन में शिव महापुराण का आयोजन किया जा रहा है, शिव महापुराण कथा के पूर्व शिव भक्तों द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर 251 मातृशक्तियों द्वारा पारम्परिक वेश एवं कलश धारण कर बस्ती नं.2 दुर्गा मंदिर से आयोजन स्थल अग्रवाल लॉन तक शोभायात्रा निकाली गई। कथा प्रथम दिवस में आचार्य पं. दिनेश गर्ग ने कहा कि श्री शिव महापुराण कथा के श्रवण मात्र से पापों का नाश होता है। शिव कथा सुनने से व्यक्ति के जीवन में परिवर्तन आता है और कथा सुनने से मोक्ष प्राप्त होता है। इस अवसर पर गणेश पटेल, रुपेश पिंटू पटेल, विवेक राम सोनकर, नवीन पटेल, सुनील पटेल, प्रदीप मिश्रा, अभिलाष सोनी, नीलेश सोनी, आयुष पटेल, प्रवीण नामदेव, अभिषेक कोरी अन्य की उपस्थिति रही।

## ख्वाजा गरीब नवाज के उर्स की छठी शरीफ आज

**नवभारत, जबलपुर।** सुल्तानुल हिन्द हज़रत ख़्वाजा ग़रीब नवाज़ मोइनुद्दीन चिश्ती अजमेरी (रहमतुल्लाह अलैह) के उर्स की छठी शरीफ़ आज जबलपुर शहर में अकीदत और एहतराम के साथ मनाई जाएगी। इस मौके पर शहर की विभिन्न दरगाहों और मुस्लिम बहुल इलाकों में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है, जिसमें बड़ी संख्या में अकीदतमंदों की शिरकत की उम्मीद है। मदन महल स्थित दरगाह में उर्स की छठी शरीफ़ के अवसर पर बाद नमाज़-ए-फ़ज्र कुल शरीफ़ का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद बाद नमाज़-ए-जुहर महफ़िल-ए-सिमा होगी, वहीं शाम को बाद नमाज़-ए-असर चादरपोशी की रस्म अदा की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान नज़र-ओ-नियाज़ पेश की जाएगी तथा तबर्रुक तक़सीम किया जाएगा। इसी क्रम में हाईकोर्ट के सामने स्थित हज़रत ख़्वाजा अमीनुद्दीन चिश्ती कचहरी वाले बाबा की दरगाह में भी उर्स की छठी शरीफ़ मनाई जाएगी। इसके अतिरिक्त आगा चौक स्थित ख़ानकाह निज़ामिया में भी उर्स के अवसर पर महफ़िल-ए-समा, फातिहा और बयान का आयोजन किया गया, जिसमें ख़्वाजा ग़रीब नवाज़ की तालीमात पर अमल करने, आपसी भाईचारे और अमन-ओ-चैन का पैग़ाम दिया गया। कार्यक्रम के अंत में देश में अमन, खुशहाली और तरक्की की दुआ की गई।

# विद्यार्थियों में दिखा खेल उत्साह : विजेता छात्र-छात्राएं सम्मानित

▶ सेवादल स्थापना सप्ताह में दौड़ व क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन



**नवभारत,जबलपुर।** सेवा दल के स्थापना दिवस के साप्ताहिक कार्यक्रम के अंतर्गत दूसरे दिन बिलपुरा स्थित हाई स्कूल में दौड़ एवं खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न आयु वर्ग के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर सेवादल शहर अध्यक्ष सतीश तिवारी ने कहा कि स्कूल का समय जीवन का सबसे सुंदर और महत्वपूर्ण दौर होता है। खेल, पढ़ाई और मित्रों के साथ बिताया गया समय भविष्य निर्माण में सहायक होता है। कांग्रेस खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष एड. प्रशांत मिश्रा की देखरेख में आयोजित प्रतियोगिता में पायल चक्रवर्ती, राधिका कोल, अमृता राजपूत को महिला विंग अध्यक्ष मीनाक्षी स्वामी ने पुरस्कृत किया। वहीं परी चौधरी, शिवांसी चक्रवर्ती, जनंत चौधरी को सेवादल महासचिव हिमांशु मिश्रा ने सम्मानित किया। उदय केवट, मंजीत कोल, गौरव वंशकार को राकेश चक्रवर्ती द्वारा सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में डॉ. राजेंद्र पिल्लाई, शिवकुमार चौबे, धर्मेंद्र कुशवाहा, सुनयना गुप्ता, रीना विश्वकर्मा, आर.वी. कोल, राज चौधरी, विजय चौधरी, ऋषभ चौधरी, शिवराज चौधरी, विवेक चौधरी, अंकित वंशकार, राजीव वंशकार, देवेंद्र भूमिया, आदित्य यादव, आकाश प्रजापति, अमन रजक, जितेंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व नागरिक उपस्थित रहे।

**भ्रमण** खेल के बाद धुआंधार जलप्रपात ने बढ़ाया रोमांच

# मेजबान मध्य प्रदेश का विजय अभियान जारी



**नवभारत, जबलपुर।** जबलपुर में 23 से 28 दिसंबर 2025 तक आयोजित 69वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में मेजबान मध्य प्रदेश का शानदार प्रदर्शन जारी है। बरगी विधायक नीरज सिंह ने प्रतियोगिता स्थल पर पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। खेले गए मुकाबलों में 14 वर्ष बालक वर्ग बास्केटबॉल में मध्य प्रदेश ने छत्तीसगढ़ को पराजित किया, वहीं 19 वर्ष बालिका वर्ग खो-खो में मध्य प्रदेश की टीम ने हिमाचल प्रदेश पर जीत दर्ज की। प्रतियोगिता के बाद खिलाड़ियों को विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल भेड़ाघाट धुआंधार जलप्रपात का भ्रमण कराया गया, जिसे देखकर खिलाड़ी अत्यंत प्रसन्न और रोमांचित नजर आए। आज कर्नाटक, दादरा एवं नगर हवेली, जम्मू-कश्मीर, पांडिचेरी, झारखंड, सीबीएसई, नवोदय विद्यालय समिति, पंजाब, बिहार, गुजरात और दिल्ली की टीमों ने भ्रमण किया। प्रतियोगिता के दौरान संयुक्त संचालक अरुण कुमार इंग्ले, जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी, एसजीएफआई ऑब्जर्वर डीके सिंह व सुमित भाटिया, संभागीय क्रीड़ा अधिकारी आशा सिसोदिया, जिला क्रीड़ा अधिकारी मधुमिता हाजरा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।




## गजानन सोसाइटी में चला विशेष अभियान

**नवभारत,जबलपुर।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के लक्ष्यों को प्राप्त करने और शहर को कचरा मुक्त बनाने की दिशा में जबलपुर नगर निगम ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के निर्देशानुसार, आज शहर के संभाग क्रमांक 2 गुलौआ कछपुरा के अंतर्गत आने वाले स्वामी विवेकानंद वार्ड में विशेष 'कचरा पृथकीकरण अभियान' चलाया गया। स्वच्छता अभियान को मजबूती प्रदान करने नगर निगम द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत कचरा कलेक्शन के साथ-साथ कचरा पृथकीकरण के बारे में भी नागरिकों को जानकारियाँ दी जा रही है। विशेष अभियान के तहत नगर निगम की टीम डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण वाहन के साथ गजानन सोसाइटी एवं पुरंदर परिसर पहुंची। यहां टीम ने प्रत्येक नागरिकों के घर जाकर जनसंपर्क किया और उन्हें कचरा प्रबंधन के वैज्ञानिक तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।